# कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर
# जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)
# वार्षिक प्रतिवेदन 2019

मैं इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री सतीश चन्द्र शर्मा, सेवा निवृत संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा विभाग हि. प्र. का स्वागत करता हूँ। इस महाविद्यालय के प्रागंण में आपकी गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिए गर्व एवं परम सौभाग्य की वात है। मैं, प्राध्यापक वर्ग, गैरशिक्षक वर्ग वर्ग, केन्द्रीय छात्र परिषद्, अध्यापक अभिभावक संघ तथा विद्यार्थियों की तरफ से आपका हार्दिक अभिनन्दन व स्वागत करता हूँ। इसके साथ ही साथ मैं इस समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करता हूँ, जिनकी उपस्थिति से यह कार्यक्रम शोभा मण्डित हो रहा है।

महोदय, यह महाविद्यालय महाराजा संसार चन्द की जन्मभूमि एवं ऐतिहासिक महत्व की नगरी जयसिंहपुर में स्थित है यह महाविद्यालय चंगर क्षेत्र की जनता के लिए उच्च –शिक्षा हेतू ज्योति स्तम्भ बन कर उभरा है।

कंवर दुर्गा चन्द स्मारक निजि महाविद्यालय का क्षेत्रीय जनता की जन–भावनाओं तथा इस क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने इसका अधिग्रहण 06 फरवरी2007 को किया तथा इसका नाम कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविधालय जयसिंहपुर रखा गया। इस महाविद्यालय का अपना निजी भवन है एवं परिसर का विस्तार कार्य निरन्तर चल रहा है।

मान्यवर, आपने अपनी व्यस्तताओं के बावजूद इस समारोह में पधार कर हमें कृतार्थ किया है, इसके लिए महाविद्यालय परिवार आपका अत्यन्त आभारी है। अब मैं आपके समक्ष सत्र 2018–19 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूँ।

## विद्यार्थी संख्या:-

इस महाविद्यालय में सत्र 2018–19 के दौरान तीनो संकायों में विद्यार्थियों की कुल संख्या इस प्रकार है–

| संकाय | छात्र |
|---|---|
| कला | 326 |
| विज्ञान | 196 |
| वाणिज्य | 79 |
| | 601 |

कुल विद्यार्थी 601 हैं जिसमें से 224 छात्र तथा 377 छात्रऐं हें।

## कर्मचारी वर्गः-

**प्राध्यापक वर्गः** इस महाविद्यालय में कला संकाय में प्राध्यापकों के 12 पद स्वीकृत हैं जिसमें 05 पद रिक्त है। वाणिज्य संकाय में 02 पद स्वीकृत है। विज्ञान संकाय में 07 पद स्वीकृत है जिसमें 02 पद रिक्त है

## गैरशिक्षक वर्ग :-

गैरशिक्षक वर्ग में कुल26 पद स्वीकृत है। जिसमें 15 पद रिक्त हैं।

## आगमन एवं प्रस्थानः-

स्थानान्तरण सरकारी सेवा का अभिन्न पहलू है। इस सत्र में निम्न स्थानान्तरण एवं आगमन हुए हैं:–

1. इस सत्र के दौरान मैने प्राचार्य के रूप मे यहाँ पद भार ग्रहण किया ।
2. प्राचार्य अशोक चौधरी, प्रो. राजेन्द्र सिंह, प्रो. कमल डोगरा, प्रो. सुनीता सकलानी, एवं प्रो. भेद राम यहां से स्थानांतरित होकर अन्य राजकीय महाविद्यालय मे गए।
3. प्रो. अर्पित कायस्था, प्रो. राकेश शर्मा, भोतिक विभाग, प्रो. सुमिक्सल सूद गणित विभाग एवं प्रो. धनदेव शर्मा भूगोल विभाग, प्रा. अमरजीत सिंह संगीत विभाग, प्रो. नेहा चौधरी वणिज्य विभाग इस महाविद्यालय के शिक्षक में शामिल हुए। प्रो. खुशी राम का चयन भी इस महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा के रूप में हुआ है।

## परीक्षा परिणाम-

**महाविद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम-2017-18 में सतोंषजनक रहा।**

## छात्रवृतियांः-

सरकार द्वारा विभिन्न छात्रवृति योजनाओं के तहत सत्र 2017-18 के लिए विभिन्न छात्रवृतियों के लिए बजट आवँट्न हेतू 87 विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं। इसमें रूपये दिए जाने का प्रावधान है।

| वर्ग | छात्र | राशि |
|---|---|---|
| आई0 आर0 डी0 पी0 | 16 | राशि लम्बित है। |
| अनुसूचित जाति | 65 | |
| अन्य पिछ्डा वर्ग | 06 | |
| कुल योग | 87 | |

सेवानिवृत प्राचार्य प्रो. वन्दना भड़वार जी की माता जी ने अपने पति स्व. श्री दुर्गा दास गांधी जी के नाम से पिछेले वर्ष 50,000 की राशी सवाधि जमा योजना के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य को प्रदान की थी जिसके ब्याज से प्रतिवर्ष मेधावी एवं आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस वर्ष पुनः उन्होने श्री मति रमा गांधी के नाम से 50,000 रूपय की अतिरिक्त राशी उपलब्ध करवाई है। जिसके ब्याज से अगले वर्ष से एक और निर्धन एवं मेधावी छात्र को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस छात्रवृति को प्राप्त करने वाले का चयन प्राचार्य अपने स्टाफ के साथ मिलकर करेगा। महाविद्यालय परिवार आपका तहेदिल से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता है।

## पुस्तकालय :-

विद्यार्थियों में ज्ञान एवं बुद्धि सम्वर्धन हेतू पुस्तकालय का अपना महत्व होता है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों एवं संदर्भो से संवधित 4594 पुस्तकें उपलब्ध हैं। चार मासिक प्रत्रिकाएं एवं चार समाचार पत्र छात्रों के अध्ययन हेतू उपलब्ध हैं। नए सत्र से कुछ और मासिक पत्रिकाएँ भी छात्रों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

## केन्द्रीय छात्र परिषद :-

लोकतान्त्रिक मूल्यों के निर्माण में केन्द्रीय छात्र परिषद का विशेष महत्व है। वर्तमान सत्र में छात्र परिषद के चुनाव सितंवर 2018 में लिगंदोह समिति की सिफारिशों के अनुरुप करवाए गए वार्षिक परीक्षाओं की योग्यता सूची में श्रेष्ठ रहे प्रतिनिधियों का मनोनयन किया गया और उन्ही मे से वरीयता क्रम में श्रेष्ठ विद्यार्थी निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए।

| नाम | कक्षा | पद् |
|---|---|---|
| 1. कोमल | बी. कॉम छठा सत्र | अध्यक्ष |
| 2. साहिल गुलेरिया | बी. एस. सी. तृतीय सत्र | उपाध्यक्ष |
| 3. अमन कुमार | बी. एस. सी. प्रथम वर्ष | सचिव |
| 4. नेहा | बी. कॉम. प्रथम वर्ष | सयुंक्त सचिव |

## अभिभावक- अध्यापक संघ:-

इस वर्ष संघ का गठन अगस्त 2018 को किया गया । अभिभावक– अध्यापक संघ का महाविद्यालय
के विकासात्मक कार्यो में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। संघ की कार्यकारिणी निम्नलिखित है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | संरक्षक | – | प्रो. अशोक कुमार गुप्ता |
| 2. | अध्यक्ष | – | श्री जोगिन्द्र राणा |
| 3. | उपाध्यक्ष | – | प्रो. विकास कलोत्रा |
| 4. | सचिव | – | डॉ. संजीव कुमार शर्मा |
| 5. | कोषाध्यक्ष | – | श्री मान चन्द जी |
| 6. | अंकेक्षक | . | श्री कुलदीप चन्द जी |

## सांस्कृतिक गतिविधियां एवं उपलब्धियां:-

महाविधालय के छात्रों नें इस सत्र में 15 अगस्त तथा 26 जनवरी को उपमण्डल स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। केन्द्रीय छात्र परिषद के तत्वाधान में आयोजित त्रिवेणी उत्सव मे किए गए कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया व पुरस्कार प्राप्त किए। महाविद्यालय के विद्यार्थीयों ने राजकीय महाविद्यालय चौडा मैदान शिमला में आयोजित युवा महोत्सव–समूह एक में भाग लिया

## खेलकूद गतिविधियां:-

इस सत्र के दौरान महाविद्यालय के विभिन्न टीम ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें कवडडी टीम, वालीवॉल टीम, मुक्केवाजी टीम, वैड़मिन्टन महिला,व पुरूष ने भाग लिया– इस सत्र के दौरान अंतर सकांय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन दिसम्बर 2018 में किया गया। इसमें बॉस्केट बाल, बॉलीवाल और बैडमिंटन की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया बालीवाल में वाणिज्य संकाय विजयी रहा।

वास्केट बाल में कला संकाय

बैडमिंटन में पुरुष वर्ग में अमन व महिला वर्ग में काजल विजयी रहे।

इस बर्ष महाविद्यालय की Athletic Meet का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्रों की तरफ से बढ चढकार भाग लिया गया

पुरूष वर्ग में विकास कुमार बी.ए. छटा सत्र को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी एवं महिला वर्ग में सीमा कुमारी बी. ए. प्रथम वर्ष को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इसमें विजेता खिलाड़ियों को मैड़ल देकर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना :-

इस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की 100 विद्यार्थियों की इकाई है। जिसके कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विकास कलोत्रा है। इस सत्र में विभिन्न कार्यक्रम इस योजना के अन्तर्गत आयोजित किए गए

1. **पौधारोपणः**- इसमें स्वयंसेवियों द्वारा पौधारोपण किया गया एवं पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई।
2. एन. एस. एस. दिवस के अन्तर्गत पोस्टर, नारा लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
3. 1 दिसम्बर 2018 को एड्स जागरूक्ता रैली का आयेजन किया गया।
4. सात दिवसीय विशेष शिविर 24 दिसम्बर 2018 से 30 दिसम्बर 2018 तक आयोजित किया गया । इस शिविर का शुभारम्भ प्रो. सुरजीत सिंह राणा द्वारा किया गया तथा समापन प्रिसिंपल अशोक कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। स्वंय सेवियो ने महाविद्यालय की सफाई, डलू गाँव की सफाई तथा सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र जयसिंहपुर की सफाई की गई विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए गए।

## रैड -रिबन क्लबः-

एड्स जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति न केवल महाविद्यालय के छात्रों अपितु समस्त समाज को जागरूक करने के लिए रैड रिबन क्लब का भी गठन किया गया है। इसकी प्रभारी प्रो. नेहा चौधरी है।

## रोवर्स एवं रेंजर्सः-

इस महाविद्यालय में 18 से 23 वर्ष तक के आयु वर्ग के उत्साही, कर्मठ व ईमानदार युवाओं के लिए रेजंर्स की एक इकाई का गठन किया गया है। इसमें रोवर्स के अधिकारी डॉ. धनदेव शर्मा और रेजंर्स अधिकारी डॉ. शिखा है।

## महाविद्यालय पत्रिकाः-

विद्यार्थियों की सृजन शक्ति को विकसित करने एवं उनमें लेखन प्रतिभा जागृत करने के उद्देश्य से महाविद्यालय की पत्रिका ''कुन्जद्धार''का प्रथम सस्करण प्रकाशित किया गया एवं इस वर्ष इसका द्वितीय संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है।

## विशेष उपलब्धि :-

इस वर्ष इस महाविद्यालय के पाँच छात्रों की **Indian Army** में चयन हुआ जिनके नाम है मिस्टर पुनीत कुमार, मिस्टर मोहित कुमार, मिस्टर नितिन कुमार, मिस्टर देविन्द्र कुमार और मिस्टर संदीप कुमार। इनमें से प्रथम चार बी. कॉम के छात्र रहें है और संदीप कुमार साईंस के छात्र है। महाविद्यालय परिवार इनको बधाई देता है तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## व्यक्तिगत उपलब्धि

प्रो. पवन शर्मा ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अक्तुवर 2018 में प्रायोजित एक माह का ओरियन्टेशन कोर्स पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला में किया ।

महाविद्यालय के गणित विभाग के प्रो. सुमिक्सल सूद ने अन्तर्राष्टीय संगोष्ठी जो कि गणित विभाग हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई जिसमें उन्होने अपना शोध पत्र Linear and Weakly Non- Linear Stability Analysis of Modified Thermohaline Convection Problem विषय पर प्रस्तुत किया।

प्रो. अनिल ठाकुर ने अंतराष्ट्रीय स्तर की पत्रिका Pharmaceuticals Sciences में Analytical Profiling of Podophyllum Hexandrum and Its usefulness in Anticancer Industry विषय पर लेख प्रकाशित हुआ।

## रूसा अनुदान के तहत विकासात्मक गतिविधियां

| | |
|---|---|
| 1. पुस्ताकालय की पुस्तकें | 613650 रूपये |
| 2. बुक बैंक | 65558 रूपये |
| 3. विज्ञान संकाय की प्रयोगशाला हेतू खरीदी गई सामग्री | |
| भौतिक एवं रसायन विज्ञान विभाग | 420347 रूपये |
| जीवविज्ञान विभाग | 219180 रूपये |
| वनस्पति विज्ञान विभाग | 185024 रूपये |
| 4. संगीत उपकरण | 158907 रूपये |
| 5. फर्नीचर | 386796 रूपये |
| 6. अल्युमीनियम कार्य | |
| भूगोल प्रयोगशाला | 60314 रूपये |
| कुल जोड़ | 2109776 रूपये |

रूसा अनुदान के तहत 2109776 रूपये की राशि विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों में खर्च की गई।

## हमारी आवश्यकताएं:-

1. इस महाविद्यालय में, अर्थशास्त्र, जीव विज्ञान व शारीरिक शिक्षा के पद खाली चल रहें हैं। जिसकी वजह से बच्चो की पढाई का नुकसान हो रहा है।
2. महाविद्यालय की ओर आनेवाले संम्पर्क मार्ग को पक्का करवाने की आवश्यकता है।
3. बरसात के दिनो में आवागमन के लिए महाविद्यालय तक पुल के निर्माण की आवश्यकता है।
4. कालिज की कैंटीन का कार्य बहुत धीरे-धीरे चल रहा है जिसके लिए RUSA से लगभग पैंतीस लाख रूपये HPPWD के पास जमा कराए गए है परन्तु लगभग दो साल बीत जाने पर भी काम पूरा नही हुआ है।
5. कालिज की बिल्डिंग को बरसात में क्षति न पहुँचे इसलिए नदी पर रोक लगाने के लिए RUSA से लगभग साढ़े इक्कीस लाख रूपये HPPWD के पास जमा करवाए गए हैं। परन्तु एक साल बीत जाने के वाद भी अभी तक यह कार्य शुरू नही हो पाया है।

## धन्यवाद / आभारः-

अतं में, मै समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री सतीश चन्द्र शर्मा जी, का धन्यवाद करता हूँ। जिन्होनें अपनी व्यस्तताओं के बावजूद अपना अमूल्य समय विद्यार्थियों के मार्गदर्शन को दिया व हमारे बीच पधार कर समारोह की गरिमा बढ़ाई । समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का भी मैं धन्यवाद करता हूँ ।

मैं केन्द्रीय छात्र संघ व समस्त विद्यार्थियों का भी धन्यावाद करता हूँ, जिन्होने अपनी कर्तव्य निष्ठा अनुशासन और सकारात्मक सहयोग से इस समारोह को सफल बनाने में अपना योगदान दिया ।

धन्यवाद !

जय हिन्द ! जय हिमाचल!

प्रो. अशोक कुमार गुप्ता
प्राचार्य
कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय
जयसिंहपुर

**तिथिः 14 मार्च, 2019**